म्हारे सपनों का
हरियाणा
2019 - 2024



भारतीय जनता पार्टी

# संकल्प पत्र

हरियाणा विधानसभा



## 2022 तक किसान की आय को दोगुना करेंगे

- ऋण की कीमत से सवा गुणा से अधिक भूमि गिरवी ना रखने का कानूनी प्रावधान बनाएँगे
- सहकारी बैंकों से लिए गए फसली ऋणों पर लगभग 5,000 करोड़ रुपए का ब्याज और जुर्माना माफ़ करने के लक्ष्य को पूरा करेंगे
- 19 लाख किसानों को 6,000 रुपये प्रतिवर्ष देकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) का लाभ पहुचाएंगे
- 14 लाख किसानों को किसान मान-धन के अंतर्गत मासिक 3,000 रुपए की पेंशन देंगे
- तीन लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त फसली ऋण प्रदान करेंगे
- सूक्ष्म सिंचाई को अभियान बनाते हुए हर खेत को पानी पहुंचाएंगे, जिसका सर्वाधिक लाभ दक्षिण हरियाणा को मिलेगा
- हर फ़सल की ख़रीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित करेंगे
- हर मंडी और हर शुगर मिल में फसल बेचने आने वाले किसानों के लिए 10 रुपए में किसान थाली की व्यवस्था शुरू करेंगे
- मंडी में आई फसल के सामूहिक बीमा की व्यवस्था करेंगे
- सभी कार्यशील, दुधारू पशुओं को बीमा के दायरे में लाएँगें और उनकी स्वास्थय जांच का नियमित प्रावधान करेंगे
- खेती में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपये के हरियाणा कृषि उद्यमशीलता कोष की स्थापना करेंगे

## युवा : हर हाथ को काम

- पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया (टी.आर.पी) नीति की सफल कार्यान्वियन के बाद इस नीति को समयबद्ध पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया (टाइमबाउंड ट्रांसपेरेंट रिक्रूटमेंट प्रोसेस-TTRP)में अपग्रेड करेंगे
- सभी सरकारी विभागों में रिक्तियों की समग्र एक सूची प्रकाशित करेंगे
- पूरे राज्य में सभी आउटसोर्सिंग नौकरियों में डीसी दर को सख़्ती से लागू करेंगे
- सरकारी नौकरियों के लिए कॉमन पात्रता परीक्षा ली जाएगी जिसका संचालन स्थानीय स्तर पर होगा
- रोज़गार के लिए आवेदन फ़ीस को 'वन-टाइम फ़ीस' रखेंगे जो एक नौकरी पाने तक मान्य होगी
- हरियाणा के स्थानीय लोगों को 95% से अधिक रोज़गार देने वाले उद्योगों को विशेष लाभ दिए जाएंगे
- 'हरियाणा स्टार्टअप मिशन' शुरू करेंगे और 4 उद्यमिता केंद्रों की स्थापना करेंगे
- 500 करोड़ रुपये व्यय कर राज्य के प्रत्येक स्कूल, गांव एवं शहरी निकायों में खेल का सामान उपलब्ध कराएँगे
- हर ज़िले में वार्षिक पाँच लाख रुपए की ईनामी कबड्डी, कुश्ती और बॉक्सिंग प्रतियोगिताएं आयोजित करेंगे

## महिला केंद्रित विकास: हमारी प्राथमिकता

- राज्य की महिलाओं और बच्चों को एनीमिया-मुक्त बनायेंगे
- सभी सरकारी संस्थानों में 'केजी से पीजी तक' गरीब परिवारों के दो बेटियों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करेंगे
- पुलिस विभाग में महिलाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी
- संवेदनशील और भीड़भरे सार्वजनिक स्थलों में महिला सुरक्षा को सुनिस्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख तक की जाएगी

## समाज कल्याण - हर एक का ख्याल

- आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों के कल्याण के लिए अन्त्योदय मंत्रालय का गठन करेंगे
- सभी पेंशन की राशि को वार्षिक महंगाई अनुसार बढ़ाने का प्रावधान करेंगे

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास

- राज्य में संत कबीर, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि और डॉ बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा स्थल की स्थापना करेंगे
- हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (HSCFDC) के कोष को 50 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए करेंगे

## पूर्व सैनिक कल्याण

- ज़िला स्तर पर शहीद स्मारक स्थापित करेंगे ताकि हम हरियाणा के शहीदों को श्रद्धांजलि दे सकें
- पूर्व सैनिकों को पुनर्रोजगार देने हेतु अवसर प्रदान किए जाएंगे

## असर-कारी सरकार, कर्मचारी आधार

- राज्य के सरकारी कर्मचारियों की सभी वेतन विसंगतियों को दूर करेंगे और उनकी वरिष्ठता सूची प्रकाशित करेंगे
- सरकारी महिला कर्मचारियों की भलाई के लिए सरकारी कार्यालयों में प्रशिक्षित केयरटेकर के साथ क्रेच स्थापित करेंगे

## सुरक्षा और न्याय हमारी प्राथमिकता

- हरियाणा के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल की संख्या में ज़रूरी वृद्धि करेंगे
- हरियाणा को नशीली दवाओं से मुक्त प्रदेश बनाएँगे

## स्वस्थ हो हर घर-परिवार

- आयुष्मान योजना के तहत हरियाणा के सभी गरीब परिवारों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ और वार्षिक स्वास्थ्य जांच मुफ्त प्राप्त करवाएंगे
- पंचकुला की तर्ज पर, प्रत्येक जिला अस्पताल को मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में अपग्रेड करेंगे
- दो हज़ार (2,000) वेलनेस सेंटर बनाएँगे

## शिक्षा से समृद्धि की ओर

- राज्य में कक्षा 10 तक जीरो ड्रॉप-आउट रेट होने के लिए कदम उठाएँगे
- जो गरीब नागरिक डिजिटल साक्षरता के प्रमाण पत्र को हासिल करने मे सफल होते हैं, उन्हें निशुल्क स्मार्ट फ़ोन दिया जाएगा

## सुगम उद्योग, सुगम व्यापार

- हरियाणा MSME पोर्टल के द्वारा 60 मिनट में दस लाख रुपये तक की तत्काल नकद ऋण सुविधा प्रदान करेंगे
- मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना और मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना का शत - प्रतिशत कार्यान्वियन करेंगे
- वन डिस्ट्रिक्ट-वन हब' कार्यक्रम शुरु कर के प्रत्येक जिले को एक स्थानीय औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करेंगे

## बुनियादी विकास, तरक्की का आधार

- वर्ष 2022 तक सभी को पक्का आवास प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य को पूरा करेंगे
- हरियाणा में सभी श्रमिकों के सुगम जीवनयापन के लिए श्रमिक आवास परिसरों का निर्माण करेंगे
- राज्य के प्रत्येक गांव को 24*7 बिजली प्रदान करने के लिए 'म्हारा गाँव जगमग गाँव' योजना का विस्तार करेंगे
- हरियाणा के हर कस्बे को स्मार्ट कस्बे के रूप में परिवर्तित करेंगे
- राज्य भर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और उद्यानों में फ्री वाई-फाई सुविधा प्रदान करेंगे
- राज्य के सभी ग्रामीण इलाकों के लिए मास्टर प्लान बनाएँगे
- प्रदेश के हर गाँव में दैनिक बस सेवा सुनिश्चित करेंगे
- गाँव में जो 100-100 गज प्लाट उपलब्ध हैं, उनका ढांचागत विकास करने की योजना बनाएँगे

## सुशासन हर पंचायत तक - हमारी प्रतिबद्धता

- ग्राम पंचायतों को स्वायत्तता एवं प्रशासनिक अधिकार प्रदान करेंगे और उन्हें उसके लिए प्रशिक्षित भी करेंगे
- केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के लिए स्पेशल डोरस्टेप डिलीवरी योजना; 'सेवा सेतु' की शुरुआत करेंगे
- 24*7, एक टोल-फ्री स्पेशल एंटी करप्शन कॉल सेंटर स्थापित करेंगे

## हरियाणा हरि की धरा, उच्च हमारी परम्परा

- ग्लोबल हरियाणवी केंद्र की स्थापना गुरुग्राम में करेंगे
- गीता महोत्सव के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार को और तेज़ी प्रदान करेंगे

## पर्यावरण एवं जल संरक्षण, जीवन की सुरक्षा

- पिछले पांच वर्षों में धुआं-मुक्त रसोई की बुनियादी सुविधा प्रदान की गई है, अब प्रत्येक घर में नल से शुद्ध जल पहुचाएंगे
- जिन बस्तियों में पानी की गुणवत्ता अच्छी नहीं है, वहाँ RO वाटर प्यूरीफायर लगाएंगे




प्रकाशक: भाजपा प्रदेश कार्यालय 30, हुडा कॉम्प्लेक्स, रोहतक-124001 | मुद्रक: सिंगला ऐड एंड मार्केटिंग, झज्झर रोड, रानीला भवन, रोहतक संख्या: 50,000

**कमल का बटन दबाएं ← भाजपा को जिताएं**